हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 30 दिसंबर 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली



04 यातायात पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली पर की कार्रवाई...





08 धान के रेट लुढ़कने से उपज बेचने आए...




## खबर संक्षेप

### पालन सेवा फाउंडेशन के बच्चों ने लाठी प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक



**विदिशा।** पालन सेवा फाउंडेशन के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे जनजातीय क्षेत्र के बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन किया। ट्रेडिशनल लाठी स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा उज्जैन में आयोजित नेशनल मार्शल आर्ट्स गेम्स में अर्जुन आदिवासी एवं पुनीत माली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता। जनजातीय क्षेत्र से निकलकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतना एक बड़ी उपलब्धि है। प्रतियोगिता के दौरान धर्मेंद्र आदिवासी एवं शिक्षक सुशील पंड्या का मार्गदर्शन रहा।

### सुदर्शन बस्ती में विशाल हिंदू सम्मेलन चार को

**विदिशा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 4 जनवरी को रामलीला मैदान में सुदर्शन बस्ती हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन को लेकर आयोजन टोली द्वारा जनसंपर्क अभियान तेज किया गया है। इसी क्रम में रीठा फाटक, काछी मोहल्ला एवं बरईपुरा क्षेत्रों में घर-घर जाकर पीले चावल व निमंत्रण पत्र वितरित किए गए। आयोजन टोली ने सर्व समाज से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता का आग्रह किया। जनसंपर्क के बाद बरईपुरा चौराह पर भारत माता की आरती की गई।

### केंद्र सरकार के छह अधिकारी कर रहे भ्रमण

**विदिशा।** जिले में केंद्र सरकार के छह अधिकारियों का अध्ययन भ्रमण चल रहा है। भारत सरकार के सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंधन संस्थान के स्टेट अटैच्ड ऑफिसर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत ये अधिकारी जिले की विभिन्न केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का मैदानी निरीक्षण कर रहे हैं। 29 दिसंबर को ग्राम पंचायत वर्धा में आयोजित बैठक में अधिकारियों ने योजनाओं के हितग्राहियों से संवाद कर प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण विकास, किसान कल्याण, स्वास्थ्य, पेयजल, पोषण एवं सामाजिक न्याय जैसी प्रमुख योजनाओं की समीक्षा की। इस भ्रमण का उद्देश्य योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति समझना और सुधार के उपाय सुझाना है।

### भावांतरण योजना की पर्ची 3 दिन नहीं कटेगी

**विदिशा।** भावांतर योजना के तहत सोयाबीन विक्रय करने वाले किसानों के लिए महत्वपूर्ण खबर है। 30 दिसंबर से 1 जनवरी यानि 3 दिन के लिए भावांतर योजना के पोर्टल पर मेंटनेंस कार्य किया जाएगा। इसलिए पोर्टल अस्थाई रूप से बंद रहेगा। भावांतर योजना के अंतर्गत प्रवेश पर्ची नहीं बनेगी एवं भावांतर योजना के तहत नीलामी भी नहीं की जाएगी। अन्य जींस एवं गैर भावांतर सोयाबीन की नीलामी प्रक्रिया यथावत रहेगी।

---

प्रदर्शनः दामों में गिरावट से नाराज किसानों ने मिर्जापुर मंडी गेट पर किया चक्काजाम

# 3 दिन में 450 रुपए क्विंटल तक घटे दाम व्यापारियों पर मनमानी के आरोप लगाए

*नई कृषि उपज मंडी में मंगलवार को फसल के दामों को लेकर किसानों का आक्रोश सड़कों पर दिखाई दिया। मंडी परिसर के बाहर किसानों ने चक्काजाम कर दिया, जिससे कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। किसानों का कहना है कि जिस फसल के दाम तीन दिन पहले अच्छे मिल रहे थे, आज उसी फसल के दाम अचानक कम कर दिए गए हैं।*



**विदिशा।** उपज के कम दाम मिलने से नाराज किसान कृषि उपज मंडी गेट के बाहर प्रदर्शन कर नारेबाजी करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

मंडी में दाम कम मिलने से नाराज किसानों ने मंगलवार सुबह मिर्जापुर स्थित मंडी के सामने चक्काजाम कर दिया।

किसानों का आरोप रहा कि व्यापारी मनमाने तरीके से भाव तय कर रहे हैं और उन्हें उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पा रहा है। विदिशा सहित आसपास के करीब 100 किलोमीटर दूर के क्षेत्रों से किसान मंडी पहुंचे थे। शमशाबाद क्षेत्र के भियांखेड़ी गांव से आए किसान अर्जुन सिंह मीणा ने बताया कि तीन दिन पहले उनकी फसल का भाव 3750 रुपए प्रति क्विंटल मिला था, जबकि मंगलवार को उसी फसल का दाम 3300 रुपए बोला गया। उन्होंने कहा कि इससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है और व्यापारी लूट मचा रहे हैं। वहीं व्यापारियों ने आरोपों को गलत बताया। व्यापारी आशीष माहेश्वरी का कहना है कि फसलों के दाम ऊपर के बाजारों से तय होते हैं। उनके अनुसार पिछले कुछ दिनों से भाव बढ़ रहे थे, लेकिन मंगलवार को 100 से 200 रुपए की मामूली गिरावट आई है, जिसे लेकर किसानों ने हंगामा कर दिया।

किसानों के हंगामे के कारण प्रक्रिया नीलामी प्रक्रिया रुक गई। स्थिति बिगड़ने की सूचना मिलते ही एसडीएम क्षितिज शर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों और व्यापारियों से बातचीत कर स्थिति को शांत कराया और समझाइश के बाद चक्काजाम समाप्त करवाया। एसडीएम क्षितिज शर्मा का कहना है कि किसानों की समस्या सुनी गई है, सभी पक्षों से चर्चा कर समाधान निकाला जाएगा। समझाइश के बाद मंडी में नीलामी प्रक्रिया दोबारा शुरू कर दी गई।

**एसडीएम क्षितिज शर्मा के पहुंचने के बाद मामला शांत हुआ और नीलामी फिर से शुरू हुई**

किसान फसलों के स्थिर और उचित दाम की मांग पर अड़े हुए हैं। कागपुर क्षेत्र के किसान हिम्मत सिंह रघुवंशी, राजेंद्र रघुवंशी, आर्यन रैकवार, सचिन गुप्ता का कहना है किसानों के साथ धान में बहुत धोखाधड़ी का काम किया है। किसानों का कहना है की मंडी व्यापारी और प्रोजेक्ट कंपनी किसानों के साथ धोखा कर रही है। प्रोजेक्ट दवाइयां लगभग 20 बीघा में 50 हजार की डाली जाती है और नॉन प्रोजेक्ट दवाइयां 20 हजार की डाली जाती ह, फिर भी प्रोजेक्ट कंपनी मंडी रेट में धान उठा रही है।

---

मेहलुआ चौराहे पर भीषण सड़क हादसा

# कार की सीट काटकर मृतकों के शरीर को बाहर निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरवाई

कुरवाई मेहलुआ बीना रोड स्टेट हाईवे 14 पर कृष्णा ढाबा के पास एक डंपर क्रमांक एमपी 67 एच 0255 रोड पर खराब होने के कारण खड़ा था। जगदीश साहू अपनी कार में तनय शर्मा, अंकित साहू , तन्मय श्रीवास्तव, जगदीश गौड़, मोंटी अहिरवार मेहलुआ चौराह से पार्टी कर रात करीब 1:30 बजे वापस अपनी कार से वापस आ रहे थे। कार जगदीश साहू चला रहे थे। रात में कोहरा होने कारण उनकी कार डंपर में पीछे से टकरा गई। कार में बैठे 6 लोगों में से 3 युवा जगदीश साहू पिता मोहनलाल साहू उम्र 30 साल निवासी वार्ड 3 कुरवाई, तनय पिता नरेश शर्मा उम्र 20 साल निवासी कुरवाई, अंकित साहू पिता वृंदावन साहू उम्र 25 साल निवासी कुरवाई की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अन्य तीन मोंटी अहिरवार, जगदीश गौड़, तन्मय श्रीवास्तव गंभीर घायल हुए हैं। जिन्हे विदिशा रेफर कर दिया गया है।

### तन्मय का जन्मदिन था







तन्मय शर्मा कुरवाई के वार्ड नंबर 5 में जामा मस्जिद के पास रहता था। जिसके जन्मदिन की पार्टी थी। वह दो भाइयों में छोटा था। उसका बड़ा भाई भोपाल में नौकरी करता है। उसकी मां एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ाती हैं, जबकि पिता मजदूरी करते हैं। तन्मय फर्स्ट ईयर का छात्र था। हादसे में जान गंवाने वाले जगदीश साहू की ऑनलाइन की दुकान है। 2 वर्ष पहले जगदीश की शादी हुई थी उसकी एक सवा साल की बेटी है। मृतक अंकित साहू प्राइवेट नौकरी करता था घर की जिम्मेदारी अंकित के ऊपर थी उसकी छोटी बहन की शादी 2 माह बाद होना थी।

### जेसीबी की मदद से निकाले शव

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर पिछले हिस्से में फंस गया और वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। कार में फंसे युवकों को बाहर निकालने के लिए जेसीबी का उपयोग किया गया। सीटें काटकर शवों को बाहर निकाला गया। कुरवाई थाना के एसआई शैलेंद्र नायक ने बताया कि हादसे में जगदीश गौड़, मोंटी अहिरवार और तन्मय श्रीवास्तव गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें पहले कुरवाई अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर स्थिति के कारण जिला चिकित्सालय भेजा गया।

---

# बयान पर कटाक्षः कांग्रेस ने सतपाड़ा हाट में किसानों को गुड़ का बीज बांटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नटेरन

ब्लॉक सतपाड़ा हाट में मंगलवार को कांग्रेस ने मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप किसानों को गुड़ के बीज का वितरण किया। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश तिवारी ने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री गेहूं का बीज समय पर उपलब्ध नहीं करा पाए, लेकिन अब गुड़ का बीज उपलब्ध करा दिया गया है।

जिसे किसानों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दी गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानों के हित में हमेशा आगे रहकर काम करती रहेगी और उम्मीद है कि सरकार जल्द ही गेहूं का बीज भी किसानों को उपलब्ध कराएगी। कार्यक्रम में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सोनू रघुवंशी ने मांग की कि अब केवल बीज वितरण ही नहीं, बल्कि कृषि विभाग के अधिकारियों को गांवों में भेजकर किसानों को गुड़ की खेती की सही तकनीक सिखाई जाए। इस अवसर पर युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बंटू विश्वकर्मा सहित बादशाह खान, नरेश यादव, रवि जाट, राजू नायक, अतुल बैरागी, सतीश जाटव, प्रदीप मीणा, भूरा रघुवंशी, संतोष शर्मा, मनोज विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।



**विदिशा।** गुड़ को पन्नी में भरकर वितरित करते हुए कांग्रेसी।

---

# मंडीबामोराः कपड़े की दुकान में लगी आग, 12 लोग फंसे क्रेन और रस्सियों की मदद से बमुश्किल बाहर निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

मंडीबामोरा कस्बे के मेन मार्केट में कठरया ब्रदर्स नामक कपड़े की दुकान में रविवार देर रात भीषण आग लग गई। आग 3 मंजिला भवन में फैल गई, जिसमें ऊपर रह रहे करीब 12 लोग फंस गए। सामने स्थित जैन मंदिर में चल रहे निर्माण कार्य की क्रेन और रस्सियों की मदद से सभी को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। आग इतनी तेजी से फैली कि दुकान के ऊपर बने आवासीय हिस्से को भी चपेट में ले लिया। पास की एक किराने की दुकान भी आग की चपेट में आ गई। दुकान के ऊपर रह रहे परिवारों के सामने जान बचाने की स्थिति बन गई। ऊपर कुल करीब 12 लोग फंसे हुए थे। इनमें छोटे बच्चे भी शामिल थे। आग और धुएं के कारण सीढ़ियों से नीचे उतरना संभव नहीं था।



**विदिशा।** सूचना के बाद करीब दो घंटे देरी से पहुंची फायर ब्रिगेड।

### 1 से 1.5 करोड़ रुपए नुकसान का अनुमान

प्रारंभिक आकलन के अनुसार आग में करीब 1 से 1.5 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। अर्पित कठरया ने बताया कि दुकान के सामने लगे खंभे में आग लगी थी, जिससे डोरी में आग फैली और उसी से कपड़े की दुकान में आग पहुंची। सूचना मिलने पर कुरवाई नगर पंचायत की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। बीना तहसील की फायर ब्रिगेड करीब दो घंटे बाद मौके पर पहुंची।

---

### सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के अवशेषों के दर्शन व रुद्राभिषेक का आयोजन 31 को विदिशा में

**विदिशा।** गुजरात स्थित सोमनाथ ज्योतिर्लिंग को सभी ज्योतिर्लिंगों में श्रेष्ठ माना जाता है। सोमनाथ मंदिर से जुड़े पावन शिवलिंग अवशेषों के दर्शन और रुद्राभिषेक का आयोजन बुधवार, 31 तारीख को विदिशा में किया जाएगा। यह जानकारी आयोजकों ने आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दी। आयोजकों ने बताया कि ये पावन अवशेष वर्ष 1924 में सोमनाथ मंदिर के तत्कालीन पुजारी के परिजनों द्वारा सुरक्षित रखे गए थे। बाद में ये अवशेष दक्षिण भारत में एक पात्र व्यक्ति को सौंपे गए।




वर्तमान पुजारी सीताराम द्वारा शिवलिंग के ये अवशेष आर्ट ऑफ लिविंग के प्रमुख श्री श्री रविशंकर को प्रदान किए गए, जिनके माध्यम से देश के आठ राज्यों में इनका प्रदर्शन, पूजन-पाठ और रुद्राभिषेक किया जा रहा है। कार्यक्रम के अनुसार 30 तारीख को सागर, 31 तारीख को विदिशा तथा 4 तारीख को भोपाल में रुद्राभिषेक के साथ आयोजन का समापन होगा। प्रेस वार्ता में नितिन और नीरज चौरसिया मौजूद रहे।

---

# स्वदेशी संकल्प वाहन रैली में उमड़ा व्यापारियों का जनसैलाब, स्वदेशी अपनाने दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कांफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं स्वदेशी जागरण मंच विदिशा के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को स्वदेशी संकल्प यात्रा वाहन रैली निकाली गई।

कैट के जिलाध्यक्ष रवि तलरेजा ने जानकारी देते हुए बताया कि कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल के देशव्यापी आव्हान पर यह यात्रा आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि स्वदेशी ही आत्मनिर्भर भारत का मूल मंत्र है, जिसे केंद्र की मोदी सरकार निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। स्वदेशी संकल्प यात्रा के विदिशा आगमन पर सभी व्यापारियों एवं शहरवासियों ने स्वदेशी सामान खरीदने व बेचने की शपथ ली। यह शपथ स्वदेशी जागरण मंच के विभाग संयोजक महिपाल सिंह राजपूत एवं विदिशा चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के महामंत्री हृदय सोनी द्वारा दिलाई गई।




**विदिशा।** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उद्योगपति राकेश शर्मा।

---

# 11 घंटे सड़क किनारे पड़ा रहा व्यक्ति, किसी ने नहीं की मदद

रात 11 बजे आसरा अपनों का टीम ने अस्पताल पहुंचाया



**विदिशा।** पीड़ित व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाते हुए आदर्श तिवारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

रविवार रात करीब 11 बजे आसरा अपनों का टीम को सूचना मिली कि रामलीला मेला ग्राउंड के पीछे एक व्यक्ति लगभग दोपहर 12 बजे से सड़क किनारे पड़ा हुआ है।

उस व्यक्ति की आंखें खुली थीं, पर शरीर में कोई गतिविधि नहीं हो रही थी। आसरा के संस्थापक आदर्श तिवारी और राजा यादव ने तुरंत मौके पर पहुंचकर अपनी निजी निशुल्क एम्बुलेंस से उस व्यक्ति को जिला चिकित्सालय ले गए। वहां पता चला कि उसका शुगर लेवल बहुत कम था।

डॉक्टरों ने बताया कि अगर थोड़ी देर और होती तो उसकी जान भी जा सकती थी। उनकी जेबों में से आधार कार्ड मिलने पर परिजनों को सूचित किया गया और उनका इलाज करवाने लगे। यह बेहद शर्मनाक है कि दिन भर उस सड़क से लोग गुज़रे, लेकिन किसी ने उस व्यक्ति की मदद करने की कोशिश नहीं की।

---

डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने की सेवा कार्यों की सराहना

# नेत्र शिविर, सम्मान समारोह और नवीन सेवा गतिविधियों का शुभारंभ

**विदिशा।** लायंस क्लब आनंदपुर सद्गुरु में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की आधिकारिक विजिट संपन्न हुई। इस अवसर पर उज्जैन से पधारे डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन प्रवीण वशिष्ठ, वाइज डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रथम लायन महेश मालवीय, एमजेएफ लायन अतुल रतनशी शाह एवं रीजन चेयरपर्सन डॉ. मुदित बंसल ने क्लब की गतिविधियों की समीक्षा की। गवर्नर ने क्लब द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए आगे और बेहतर कार्य करने के सुझाव दिए। अवसर पर क्लब द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 529 मरीजों की




जांच की गई तथा 299 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। साथ ही अपना घर आश्रम को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। गवर्नर द्वारा एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया गया। क्लब अध्यक्ष लायन डॉ. दिनेश शर्मा ने उद्बोधन में जुलाई से अब तक की गतिविधियों की जानकारी दी।

---

# नवजात को सुरक्षित जीवन देना हमारा दायित्वः डॉ एमके जैन

आईएपी एवं शिशु रोग विभाग के तत्वावधान में नवजात पुनर्जीवन कार्यशाला का आयोजन किया

- प्रशिक्षकों ने गोल्डन मिनट के महत्व पर प्रकाश डाला।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

हर जन्मे बच्चे को सुरक्षित और स्वस्थ जीवन जीने का जन्मसिद्ध अधिकार है। इसी उद्देश्य को लेकर इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) एवं शिशु रोग विभाग, मेडिकल कॉलेज के तत्वावधान में एडवांस नवजात पुनर्जीवन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में इंदौर, भोपाल, सागर, विदिशा एवं सीहोर से आए कुल 32 शिशु रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को विदिशा मेडिकल कॉलेज की डॉ नीति अग्रवाल, झांसी मेडिकल कॉलेज की डॉ सपना गुप्ता, गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल की डॉ श्वेता शर्मा, पीपुल्स मेडिकल कॉलेज भोपाल के डॉ दिनेश मेकले, आईएपी विदिशा के डॉ सुरेंद्र रघुवंशी, डॉ प्रियशा त्रिपाठी एवं डॉ हेमंत यादव द्वारा गहन प्रशिक्षण दिया गया।




### 1% बच्चों को एडवांस एनआरपी की जरूरत

आईएपी विदिशा के अध्यक्ष डॉ एमके जैन ने कहा कि उखड़ती और डूबती सांसों को बचाना ही इस कार्यशाला का लक्ष्य है। यह अभियान शिशुओं की असामयिक मृत्यु को रोकने में कारगर सिद्ध हो रहा है। डॉ नीति अग्रवाल ने बताया कि 90% नवजात शिशुओं को जन्म के समय किसी विशेष सहायता की आवश्यकता नहीं होती, जबकि लगभग 9% को सामान्य और 1% को एडवांस एनआरपी जैसी विशेष सहायता की जरूरत पड़ती है। मेडिकल कॉलेज अधीक्षक डॉ अविनाश लगावे ने इसे जनहित में अत्यंत सराहनीय बताया।

---

### संतापुर मंडल में 4 जनवरी को होगा हिंदू सम्मेलन

**गुलाबगंज।** गुलाबगंज खंड के संतापुर स्थित मंदिर प्रांगण में रविवार 4 जनवरी को प्रस्तावित हिन्दू सम्मेलन के लिए भूमिपूजन किया गया। सम्मेलन को लेकर प्रत्येक हिन्दू परिवार को घर-घर जाकर पीले चावल देकर आमंत्रण दिया जा रहा है। संतापुर मंडल अंतर्गत संतापुर, चितरायन, उत्तमाखेड़ी, चक्क रघुनाथपुर, खुजराहर, गुलाबगंज, मेहंदेर, मढ़ी चौबीसा एवं चक्क मढ़ी के ग्रामीण सम्मेलन में शामिल होंगे। आयोजन सकल हिन्दू समाज द्वारा किया जा रहा है। सम्मेलन में सामाजिक चुनौतियों पर सार्वजनिक चर्चा होगी, जिसमें कुटुम्ब प्रबोधन, पॉलिथिन मुक्त भारत और नागरिक कर्तव्य बोध प्रमुख विषय रहेंगे। सभी ग्रामों के प्रमुख प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2360
उच्चतम भाव-5752
सरसों
न्यूनतम भाव-6000
उच्चतम भाव-7350
चना
न्यूनतम भाव- 4000
उच्चतम भाव- 5500
मसूर
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-7300
ज्वार
न्यूनतम भाव-2620
उच्चतम भाव-6300
मक्का
न्यूनतम भाव-1226
उच्चतम भाव- 1650
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-3240
धान
न्यूनतम भाव-1700
उच्चतम भाव-3900
धनिया
न्यूनतम भाव-7810
उच्चतम भाव-8800
उड़द
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-6300
बटरी
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3275
अलसी
न्यूनतम भाव-7750
उच्चतम भाव-7750
गेंहू
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-3675
मूंग
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-7000
मैथीदाना
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-3800

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 30592 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खेतों में फूलने लगी सरसों ...



**गंजबासौदा।** किसानों द्वारा खेतों में बोई गई सरसों की फसल में फूल आने लगे हैं। जिससे सरसों के पीले फूल खेतों में सुंदरता बिखेर रहे हैं, जो पास से गुजरने वाले लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं।

## अटल स्मृति वर्ष के उपलक्ष्य में कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा अटल स्मृति वर्ष के उपलक्ष्य में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन होटल नीलकंठ में संपन्न हुआ। ज्ञात हो भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म जयंती के शताब्दी वर्ष में भाजपा द्वारा संपूर्ण देश में श्रृंखलाबद्ध विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। विधानसभा क्षेत्र का कार्यकर्ता सम्मेलन एवं कार्यशाला होटल नीलकंठ में आयोजित हुई।

कार्यशाला में भाजपा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज जोशी, पूर्व कॉपरेटिव बैंक अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा, जिला महामंत्री बलवीर रघुवंशी द्वारा तय विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में कवि सम्मेलन भी आयोजित हुआ जिसमें कवि नीलेश चतुर्वेदी, ध्रुव शर्मा, प्रगति यादव, राखी यादव, मोहित भार्गव द्वारा कविताओं के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ राकेश सिंह जादौन, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव, मंडल अध्यक्ष गण लाखन रघुवंशी, नीलेश मीणा, रोहित पटेल, सनी भावसार, राकेश खटीक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रूपेंद्र शर्मा ने एवं आभार जिला सहप्रभारी जितेंद्र मीणा ने किया।

### 50 से अधिक ट्रॉली पर लगाई रेडियम पट्टी, 7 पर की जुर्माने की कार्रवाई

# यातायात पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली पर की कार्रवाई, चालकों को दी समझाइश

किसानों को यातायात नियमों का पालन करने, ट्रेक्टर का बीमा कराने एवं नंबर प्लेट लगवाने को किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



गंजबासौदा। जय स्तंभ चौक पर वाहन चैकिंग करता यातायात अमला



गंजबासौदा। ट्रेक्टर, ट्रालियों पर रेडियम लगाते यातायात पुलिसकर्मी

सोमवार को यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा जय स्तंभ चौक पर सघन वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें ट्रैक्टर ट्रॉली सहित चार पहिया वाहनों पर विशेष कार्रवाई की गई। इस दौरान अनेक दो पहिया, चार पहिया एवं ट्रेक्टर चालकों पर जुर्माने की कार्रवाई की गई। यातायात निरीक्षक ने बताया कि अभियान के दौरान 50 ट्रेक्टर, ट्रालियों पर रेडियम पट्टियां लगाई गई। वाहन चेकिंग के दौरान 30 ट्रैक्टर, ट्रालियों पर नंबर लिखवाए गए। इस दौरान 7 ट्रेक्टर, ट्रालियों पर 3500 रुपए जुर्माना वसूल किया गया। इस दौरान ऐसे दो पहिया वाहन चालकों को रोका गया जो तीन सवारी बैठाए हुए थे, हेलमेट नहीं लगाए हुए थे, दो पहिया वाहन की नंबर प्लेट टूटी हुई थीं या लगी नहीं हुई थीं। ऐसे वाहनों को रोककर चालक का ड्रायविंग लायसेंस, वाहन के आवश्यक दस्तावेज देखे गए एवं वाहन चालकों को समझाइश दी गई कि हमेशा यातायात नियमों का पालन करें हमेशा हेलमेट लगाकर दो पहिया वाहन चलाएं, शराब पीकर वाहन न चलाएं एवं दूसरों को भी समझाएं, नाबालिगों को वाहन न चलाने दें, तेज गति से वाहन न चलाने आदि की समझाइश दी गई।

इस दौरान राजस्थान से आया एक विशाल ट्राला गलती से नो एंट्री में घुस गया। ट्रॉले के चालक को नगर में नो एंट्री के नियमों एवं सडक मार्ग की जानकारी नहीं थी। जिससे वह सीधा त्योंदा रोड से होता हुआ जयस्तंभ चौक पहुंच गया। जहां वाहनों की आवाजाही अधिक होने से ट्रॉला फंस गया और जाम लग गया। बाद में यातायात पुलिस ने उसे सतर्कता से रिटर्न करवाया और वापस रवाना किया।

## संघ शताब्दी वर्ष महोत्सव अंतर्गत हरिकथा सत्संग का हो रहा आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

उहर मंडल जिला गंजबासौदा में भक्ति और राष्ट्रभक्ति का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गौरवशाली शताब्दी वर्ष (1925-2025) के उपलक्ष्य में, ऊहर मण्डल के पावन श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण में हरिकथा,सत्संग एवं विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रथम दिवस 27 दिसंबर को हरिकथा आरंभ हुई जिसका समापन 30 दिसंबर को होगा। यह समागम न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बना है, बल्कि समाज से जातिवाद उन्मूलन, सामाजिक समरसता और शिक्षा के प्रसार के लिए एक सशक्त मंच बनकर उभरा है। हरि कथा एवं सत्संग का वाचन वृंदावन से आए श्री कृष्ण प्रियदास महाराज के श्रीमुख से प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक किया जा रहा है। सनातन भगवा यात्रा 30 दिसंबर को सुबह 10 बजे से निकाली जाएगी। विराट कवि सम्मेलन 30 दिसंबर को दोपहर 12:30 से 2 बजे तक होगा। तत्पश्चात भंडारा कार्यक्रम की पूर्णाहूति के पश्चात दोपहर 3 बजे से महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। आयोजन का सफल संचालन वेदांश वेदांतकुलम द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम को महंत श्री 1008 श्री ओमकार दास महाराज, श्रीमंत महेश्वरदास त्यागी महाराज का पावन आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### श्रद्धांजलि अर्पित की



**गंजबासौदा।** अखिल भारतीय सनाढ्य ब्राह्मण परिषद द्वारा स्वर्गीय माधव प्रसाद तिवारी एडवोकेट के ज्येष्ठ पुत्र चीफ इंजीनियर उमाशंकर तिवारी एवं पदमा तिवारी के निधन पर उनके निवास जवाहर रोड सिरोंज चौराहा एवं विधायक हरिसिंह रघुवंशी की माता कमला बाई के निधन पर ग्राम हरिपुर पहुंचकर भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की गई। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष दीपक तिवारी, सत्य कुमार शर्मा , एडवोकेट हरिप्रसाद शर्मा, सत्यनारायण शर्मा,भारत पाठक, दिनेश दंडोडिया, राजेंद्र शर्मा, दीपक शर्मा, दीपक पाराशर, शरद पाठक, डॉक्टर रवि शर्मा, राजीव मिश्रा, देवेन्द्र भार्गव,लक्ष्मण प्रसाद शर्मा, हरिशंकर तिवारी मौजूद थे।

## चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



गंजबासौदा। ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को ग्राम मेहरा में निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन आंगनबाड़ी केंद्र में किया गया। जिसमें डॉ. दर्शना रघुवंशी एवं डॉ. अरविंद कनौजिया द्वारा रोगियों का परीक्षण किया गया। शिविर में सर्दी खांसी जुकाम, जोड़ों में दर्द, कमर दर्द, श्वास एवं त्वचा के रोगियों को उचित परामर्श एवं निशुल्क दवा का वितरण किया गया। शिविर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर मसूदपुर से मधुरिमा भदोरिया, श्रवण कुमार अहिरवार ने सहयोग प्रदान किया। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता वर्षा अहिरवार एवं आंगनबाड़ी सहायिका शिववती सिलावट द्वारा शिविर की व्यवस्था सुचारू रूप से की गई। शिविर में 116 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर शिविर का लाभ लिया। शिविर में ग्रामवासियों को योग के महत्व के बारे में समझाया गया एवं आयुर्वेद के अनुसार दिनचर्या एवं ऋतुचर्या का पालन करने की सलाह दी गई।

## देश को बचाने युद्ध या संघर्ष भी आवश्यक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

देश के साथ गद्दारी न कर किसी भी रूप में सेवा करना राष्ट्र सेवा योजना है। भगवान श्री कृष्ण अर्जुन को युद्ध के लिए प्रेरित करते हैं क्योंकि युद्ध न करने से आसुरी शक्ति प्रबल होंगी। इसलिए देश को बचाने युद्ध भी आवश्यक है। यह बात वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास महाराज ने सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के शुभारंभ अवसर पर कही।

संस्था डायरेक्टर केएस यादव ने सभी स्वयंसेवकों को शिविर का महत्व बताते हुए कहा कि एनएसएस शिविर शरीर, मस्तिष्क और आत्मा के विकास के लिए मददगार होता है। दोनों के विकास से स्वास्थ्य और कैरियर संवरता है। समाजसेवी शंकर दयाल शर्मा ने भी अपने विचार रखे। शिविर के दूसरे दिन के बौद्धिक सत्र में अतिथि समाजसेवी कांतिभाई शाह, मुख्य वक्ता एलबीएस कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी मनोज सक्सेना एवं एलबीएस कालेज के प्राध्यापक कुलेन्द्र श्रीवास्तव मौजूद रहे। सैण्ट एसआरएस हायर सेकेंडरी स्कूल के व्याख्याता डॉ. विजय कुमार जैन ने भी ज्ञान के महत्व पर विचार प्रकाश डाला। समाजसेवी कांतिभाई शाह ने स्वयं सेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में सेवा के भाव समझने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि नर सेवा में ही नारायण सेवा है। ऐसे काम करें, जिससे समाज की सेवा हो। इस अवसर पर बालिका कार्यक्रम अधिकारी रजनी गुप्ता, एनएसएस प्रभारी कृष्ण पाल सिंह चौहान, व्याख्याता रंजू राठौर, व्याख्याता प्रियंका अग्रवाल, दिव्यांश भावसार, मनोज श्रीवास्तव, दीपाली राजपूत, शैली जैन, गोविंद कुशवाह, शंभु गिरि गोस्वामी, दिनकर कद्रे आदि मौजूद रहे।

## सेन समाज का प्रांतीय महाधिवेशन संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भोपाल में सेन समाज विकास संगठन का प्रांतीय महाधिवेशन संपन्न हुआ। इस अवसर पर सुरेश आचार्य को संगठन का युवा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। आचार्य के पदभार ग्रहण करने पर शुभचिंतकों, समाजजनों ने बधाइयों दीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेलवे भोपाल मंडल के सदस्य कमलेश सेन, कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता डीएस राजौरिया ने की। मंच का सफल संचालन सुरेश आचार्य ने तथा आभार रामरतन सेन ने व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रदेश संरक्षक रमेश सेन, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक बंदेवार, राष्ट्रीय अध्यक्ष डीएस राजौरिया ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर प्रदेश से बड़ी संख्या में युवाओं और नारी शक्ति की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### नवांकुर रासेयो इकाई का विशेष शिविर हो रहा आयोजित

# पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नवांकुर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष वार्षिक शिविर के चतुर्थ दिवस स्वयंसेवकों ने परियोजना कार्य के दौरान ग्राम आजाद नगर में जाकर विद्यालय परिसर के आसपास की साफ सफाई की और पौधारोपण कार्य किया। जिसमें मटका विधि द्वारा पौधारोपण का कार्य संपन्न किया जाएगा।

शिविर के बौद्धिक सत्र के दौरान नगर में समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत श्रमदान दल के सदस्य आकाश जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सदस्य दीपेश शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश रघुवंशी, अर्णव रघुवंशी मौजूद रहे। बौद्धिक सत्र पर्यावरण में समस्या और उनके निदान पर केंद्रित रहा। आकाश जैन ने बेतवा नदी की दुर्दशा पर चिंता व्यक्त की। पूजन सामग्री, मुंडन कार्यों और रेत उत्खनन से जिस प्रकार बेतवा नदी का क्षरण हो रहा है, भविष्य में जल्दी ही नदी की धारा सूखने का खतरा बना हुआ है। जिसमें कनक दुबे, शौर्य शर्मा, खुशी जैन और उनके दल ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। वहीं आन्या सैनी ने विलुप्त हो रही गौरैया प्रजाति और नदियों की दुर्दशा पर कविता के माध्यम से चिंतन व्यक्त किया।

प्रिंस रैकवार ने पर्यावरण वंदना का गान किया। हर्षित दीक्षित, विधि मिश्रा ने पर्यावरण कविताओं के माध्यम से जन जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया। वहीं राजस्थानी घूमर नृत्य ने भारतीय संस्कृति के रंग बिखेरे। रासेयो बालक इकाई कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक मिश्रा ने प्रकृति और पर्यावरण को माता के रूप में केंद्रित कर गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में संस्कार आचार्य और स्नेहा रघुवंशी संचालक के रूप में उपस्थित रहे। सहायक रासेयो प्रभारी विनय सोनी ने घरेलू कचरे के उचित निदान और जैविक खाद बनने पर जोर दिया। विद्यालय प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों को पर्यावरण के लिए आगे आने और मानवों का पर्यावरण पर कितना अधिकार है, विषय पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में रासेयो बालिका कार्यक्रम अधिकारी मेघा शर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। स्वयं सेविका कनक शर्मा ने हाथों से बनाए हुए उपहार अतिथियों को भेंट किए। कार्यक्रम में केशव लाहोरी, पहलवान सिंह राजपूत, संध्या राजपूत, संदीप जेटली मौजूद रहे।

### शताब्दी एक्सप्रेस की चपेट में आए मृतक की शिनाख्त

**गंजबासौदा।** रविवार को दोपहर के समय रेल्वे स्टेशन पर शताब्दी एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई थी। यह हादसा स्टेशन की मुख्य लाइन पर हुआ था। जीआरपी द्वारा शव को पोस्टमॉर्टम के लिए शासकीय अस्पताल भेजा गया था एवं मृतक की पहचान के प्रयास किए गए। सोमवार को शताब्दी एक्सप्रेस की चपेट में आने की खबर समाचार पत्र में पढ़ने के बाद परिजन जीआरपी चौकी पहुंचे जहां मृतक के कपड़ों से परिजनों ने उनकी शिनाख्त की। मृतक की पहचान अशोक साहू उर्फ मुन्ना साहू उम्र 60 वर्ष निवासी गुरुनानक वाली गली के रुप में हुई। पोस्टमार्टम के पश्चात शव को परिजनों को सुपुर्द किया गया। शाम को उनका अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को अंतिम विदाई और श्रद्धांजलि अर्पित की।

## विद्याभारती मध्यभारत प्रांत का सम्मेलन संपन्न



गंजबासौदा। कार्यक्रम में उपस्थित विद्या भारती के पदाधिकारीगण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विद्या भारती मध्यभारत प्रांत द्वारा सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसके उद्घाटन सत्र में मंचासीन अतिथियों आशीष जोशी उपाध्यक्ष सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, डॉ. पिंकेश लता रघुवंशी मध्यक्षेत्र सह मंत्री, सुरेश देव विभाग संघचालक, अंकित कुमार शुक्ला विभाग समन्वयक, रामकमल रघुवंशी जिला प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

प्रथम सत्र में सभी समितियों के सचिव द्वारा अपने अपने विद्यालयों का वार्षिक कार्य वृत ppt के माध्यम से प्रस्तुत किया गया एवं सम्मेलन के मुख्य वक्ता आशीष जोशी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में विद्यालय का कुशल प्रबंधन एवं विकास में समिति की भूमिका, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप संसाधन वृद्धि जैसे महत्वपूर्ण विषय पर प्रबोधन करते हुए उन्हें शैक्षिक गुणवत्ता व कार्यकर्ता निर्माण, संघ शताब्दी वर्ष के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में हमारी सहभागिता निभाने का आह्वान किया। डॉ. पिंकेशलता दीदी ने विद्याभारती के 4 आयाम की सक्रिय टोली एवं उनका क्रियान्वयन का आव्हान किया एवं अंकित शुक्ला विभाग समन्वयक ने छात्र संख्या वृद्धि, उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम का विषय रखा और विकास जैन चार्टर एकाउंटेंड द्वारा प्रबंध समिति की शासकीय अनिवार्यता 12AA , 80G, CRS पंजीयन धारा 27 , 28 की कार्रवाई एवं आचार्य कल्याणकारी योजनाओ पर अपनी बात रखी। इस मौके पर जिले की 6 समितियों एवं 3 उप समितियों से सदस्य गण एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### माता वैष्णोदेवी के लिए तीर्थयात्री 31 जनवरी को होंगे रवाना

**सागर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत माता वैष्णो देवी तीर्थ यात्रा हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत माता वैष्णो देवी तीर्थयात्रा करने हेतु आवेदन 17 जनवरी 2026 तक प्राप्त किये जावेंगे। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत तीर्थयात्रा हेतु किए जा रहे आवेदन में आधार कार्ड नम्बर अनिवार्य रहेगा तथा आवेदन साफ्टकॉपी एवं हार्डकॉपी के द्वारा इस कार्यालय में 17 जनवरी तक भेजना सुनिश्चत करें। तीर्थ यात्रियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्रों के साथ चिकित्सीय प्रमाण पत्र सहित सभी कालमों एवं सहपत्रों का सूक्ष्म परीक्षण उपरांत पात्र व्यक्तियों के ही आवेदन इस कार्यालय में भेजे जाएं। इसके अतिरिक्त जिन तीर्थ यात्रियों द्वारा पूर्व की यात्राओं का लाभ प्राप्त कर लिया गया है।

### अंत्योदय से राष्ट्र निर्माण तक भाजपा का संकल्प-सिकरवार

**गुना।** भारतीय जनता पार्टी अंत्योदय के मंत्र को आधार बनाकर योजनाएं तैयार करती है और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाना का कार्य करती है। जब योजनाओं का लाभ सीधे हितग्राही तक पहुँचता है और उसके जीवन में सकारात्मक बदलाव आता है, तभी दीनदयाल जी का स्वप्न साकार होता है। ये बात भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने बमौरी विधानसभा के झागर मंडल के दो शक्ति केंद्रों की बूथ समितियों की बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश में चल रही डबल इंजन की सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से समाज के हर वर्ग के लोगों को फायदा मिल रहा है। भाजपा संकल्प,सेवा और समर्पण के लिए प्रतिबद्ध-सिसोदियापूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने कहा कि प्रदेश में हो रहे विकास कार्य प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को साकार कर रही है।

## जैन अधिवक्ता एसोसिएशन का अधिवेशन सफलता पूर्ण संपन्न

# ‘कोई सदस्य जब परेशारी में होता है तो पूरा संगठन उसके साथ खड़ा होता है’



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

जैन अधिवक्ता एसोसिएशन मध्यप्रदेश का भव्य अधिवेशन सफलता पूर्ण सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अधिवेशन में संगठन को मजबूत करने को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम में एमपी स्टेट बार काउंसलिंग के सदस्य नरेन्द्र कुमार जैन,स्टेट बार काउंसलिंग की कोषाध्यक्ष रश्मी ऋतु जैन सागर, मध्य प्रदेश की मुख्य पीठ जबलपुर उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धन्य कुमार जैन जबलपुर, जैन अधिवक्ता एसोसिएशन मध्य प्रदेश अध्यक्ष बसंत कुमार जैन भोपाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्टेट बार काउंसलिंग की कोषाध्यक्ष रश्मी ऋतु जैन ने कहा कि हमारा संगठन मजबूत है। इस संगठन को और भी ऊंचाईयो पर ले जाने के लिए अलग अलग तरीको से कार्यो का विभाजन करना होगा। प्रत्येक संभाग व जिलो में बैठके लेकर संगठन का गठन करना जरूरी है। जिससे संख्या बल भी बडेगा और संगठन में मजबूती भी देखी जाएगी। वही उन्होने कहा कि अभी भी मैने देखा है कि संगठन के माध्यम से पूरे प्रदेश के जैन अधिवक्ता व्हॉटएप्प ग्रुप में जुडें हुए है जहा जिसकी आवश्यकता होती है वह गुरप में अपनी समस्या बताते है तो उनकी मदद की जाती है। हमसे कोई भी अधिवक्ता देश के किसी भी कौन से कोई भी वकील का नाम व मोबाईल नम्बर का पूछता है तो हम उसे पूरा परामर्श देते है। जैन अधिवक्ता संघ में वह ताकत है कि यदि संगठन के किसी भी अधिवक्ता पर कोई परेशानी आती है तो वह अधिवक्ता अपनी समस्या संगठन के सदस्यो को बताता है और संगठन के सभी सदस्य उस समस्या का समाधान करते है। वही उन्होने स्टेट बार काउंसलिंग द्वारा दी जा रही सुविधाओ के बारे में भी जानकारी दी और अधिवक्ताओं को प्रैक्टिस व अन्य जानकारियो से भी अवगत कराया। इस मौके पर उन्होने कहा कि यदि किसी भी अधिवक्ता को परामर्श की आवश्यता पडती है तो मैं तैयार हूं। साथ ही स्टेट बार कांउसलिंग के जो नियम बदले गए है उन नियमो की जानकारी भी अधिवक्ताओं को दी गई और अधिवक्ताओं से उन्होने कहा कि अपना भी एक कर्तव्य बनता है कि अपन भी आगे बडकर अपने जिम्मेदारी को समझे और संगठन के माध्यम आम नागरिको की भी मदद करें।

**प्रत्येक मतदाता का मत बहुमूल्य होताः** इस अवसर पर स्टेट बार काउंसलिंग के वरिष्ठ सदस्य नरेन्द्र कुमार जैन ने अधिवक्ताओं को संगठन की मजबूती व डिकलेरेशन के बारे में जानकारी दी। वही उन्होने कहा कि जिन अधिवक्ताओं ने अभी तक अपना डिकलेरेशन नही कराया है वह जल्द से जल्द अपना डिकलेरेशन कराए। साथ ही उन्होने कहा कि इससे लाभ भी अधिवक्ताओं को बताए। उन्होने कहा कि यदि डिकलेरेशन नही हुआ तो आपको अपना मत डालना का अधिकार नही मिल पाएगा। उन्होने आगामी चुनावो के संबंध में कहा कि प्रत्येक अधिवक्ता को मतदान करना चाहिए और प्रत्येक मतदाता का मत का उपयोग बहुमूल्य है। वही युवा अधिवक्ता राजीव जैन सैनानी ने कहा कि जैन अधिवक्ता संघ संगठन की मजबूती अति आवश्यक है। वही उन्होने संगठन के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियो की संभाग व जिला स्तर पर एक आवश्यक बैठक लेकर संगठन का गठन करने की बात कही। आगामी अधिवेशन में भव्यता पूर्वक आयोजन हो। वही हमारे वरिष्ठ अधिवक्ता व संघ के संरक्षको से आग्रह किया कि संघ की गतिविधियो में पूर्ण संरक्षण होने चाहिए जिससे कि गतिविधियो में भी गति मिल सकें।

### 50 वर्ष से अधिक वकालत व्यवसाय करने वाले अधिवक्ताओं का किया सम्मान

*जैन अधिवक्ता एसोसिएशन मध्य प्रदेश के द्वारा 50 वर्ष से अधिक वकालत व्यवसाय करने वाले अधिवक्ताओं का सम्मान किया गया और सम्मान स्तर पर अधिवक्ताओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया एवं नाम की घोषणा की गई। साथ ही प्रदेश स्तर पर उपस्थित अधिवक्ताओं का परिचय दिया व भविष्य के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें समाज के अधिवक्ताओं को एक मंच पर संगठित किया जा सके। जिससे कि समाज के अधिवक्ताओं को एक मंच पर संगठित कर वर्तमान परिपेक्ष्य में अपने व्यवसायिक दायित्वों का निर्वाहन सुचारूरूप से अपने वरिष्ठजनों के सहयोग से किया जा सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता प्रकाश चंद जैन खंडवा द्वारा की गई और मंच पर सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायालय जबलपुर न्यायाधीश सुनील जैन,अधिवक्ता संघ सदस्य एमपी स्टेट बार नरेन्द्र कुमार जैन इंदौर,श्रीमती रश्मी ऋतु जैन सागर,मध्य प्रदेश की मुख्य पीठ*

## मनरेगा को पुनः लागू करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

मनरेगा बचाओ मोर्चा भारत के तत्वाधान में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के नाम एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा को मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव विनोद सेन के नेतृत्व वी बी-जी राम जी कानून वापस लो तथा मनरेगा को पुनः लागू करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। वही ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि हम देश-भर के मनरेगा मज़दूर, श्रमिक संगठन और ग्रामीण नागरिक वी बी-जी राम जी कानून, 2025 का कड़ा विरोध करते हैं। मनरेगा, 2005 एक कानूनी, मांग-आधारित और विकेंद्रीकृत अधिकार है, जिसने करोड़ों ग्रामीण परिवारों-विशेषकर महिलाओं, दलितों, आदिवासियों और भूमिहीन मज़दूरों को आजीविका की सुरक्षा देता था। वी बी-जी राम जी कानून इस अधिकार को समाप्त कर मनरेगा को बजट-नियंत्रित ‘योजना’ में बदल देता है। काम, बजट और प्राथमिकताएँ केन्द्र से तय होंगी-यानी पहले बजट, फिर काम, जो मनरेगा की आत्मा पर सीधा हमला है। 60:40 लागत-साझेदारी से राज्यों पर बोझ डालकर गरीब राज्यों में काम ठप होगा, बेरोज़गारी और पलायन बढ़ेगा। कृषि मौसम में 60 दिन काम पर रोक, तथा बायोमेट्रिक-डिजिटल नियंत्रण, मज़दूरों के अधिकारों और 73वें संविधान संशोधन के तहत स्थानीय स्वशासन को कमजोर करते हैं। यह विधेयक बिना मज़दूरों, ग्राम सभाओं और श्रमिक संगठनों से परामर्श के लाया गया है। हमें न कानून का नाम बदलना चाहिए, न अधिकार। उन्होने मांग करते हुए कहा कि वी बी-जी राम जी कानून 2025 को तुरंत वापस लिया जाए। साथ ही मनरेगा को उसके मूल अधिकार-आधारित स्वरूप में पूरी तरह पुनः लागू किया जाए। मनरेगा में काम के दिन बढ़ाये जाये व 800 रुपये न्यूनतम मज़दूरी तय किया जाए। इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेश यादव,वरिष्ठ कांग्रेस नेता केसर खान,कल्याण सिंह यादव,बुंदेल सिंह कुशवाह,वसिम खांन,सरपंच सादिक कुरैशी,बाहव खांन,यूनिश कुरैशी सहित मनरेगा मज़दूर, श्रमिक संगठन एवं ग्रामीण नागरिक उपस्थित थे।

## एलेक्ट्रोनिक एवं एलेक्ट्रिकल्स व्यापार संघ के चुनाव संपन्न



**सिरोंज।** एलेक्ट्रोनिक एवं एलेक्ट्रिकल्स व्यापार संघ के चुनाव अत्यंत शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं लोकतांत्रिक वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया में संघ के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर जितेन्द्र जैन को भारी बहुमत से अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। वहीं महेश नेमा को भी चौथी बार सचिव बनने का मौका दिया जो उनके प्रति सदस्यों के विश्वास और नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है। निर्वाचन अधिकारी के रूप में अधिवक्ता आशीष भ्रगु एवं अधिवक्ता राहुल देव शर्मा उपस्थित रहे। जिनके मार्गदर्शन में चुनाव व्यवस्थित रूप से संपन्न हुए। चुनाव के दौरान अनुशासन, पारदर्शिता और आपसी एकता देखने को मिली, जिसने इस चुनाव को एक यादगार और उदाहरणीय आयोजन बना दिया। कहीं भी किसी प्रकार का विवाद सामने नहीं आया। चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद उपस्थित सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया एवं उन्हें शुभकामनाएँ दीं। इस मौके पर संघ के संरक्षक राजीव शर्मा,लक्ष्मण कटियार एवं गिरीश भार्गव ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी को बधाइयां दी। वही अध्यक्ष जितेन्द्र जैन ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संघ के हित, व्यापारिक एकता एवं सामाजिक दायित्वों को और अधिक मजबूती से आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में नगर पालिका सीएमओ रामप्रकाश साहू,व्यापार महासंघ अध्यक्ष अर्पित मित्तल,सचिव ओमप्रकाश बलेचा सहित सभी व्यापारिक संगठनों के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश यादव के बड़े भाई कल्लू पहलवान का आकस्मिक निधन



**सिरोंज।** पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एंव भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश यादव के बडें भाई कल्लू सिंह यादव पहलवान का आकस्मिक निधन हो गया। इस मौके पर सिरोंज पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष एड राजीव जैन सैनानी ने कल्लू सिंह यादव को श्रद्धाजंलि देते हुए कहा कि यह बडें दुख का विषय है। शहर के जाने माने पहलवान कल्लू यादव के निधन की जानकारी जैसे शहरवासियो को लगी तो पूरे शहर में दुख की लहर दौड गई। क्योकि पहलवानी के नाम पर जाने वाले कल्लू सिंह यादव ने शहर में अपने व्यवहार व नागरिको की मदद करने में नागरिको के मन में अपनी एक अलग ही पहचान बनाई हुई थी।

**शिव-पार्वती विवाह दिव्य प्रेम गाथा : देवी रत्नमणि**

## खरगोन के खेड़ापति माता मंदिर में चल रही संगीतमय श्रीराम कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



शिव पार्वती विवाह कथा का महत्व बताते हुए कथा व्यास नर्मदा भक्ति पंथ की अध्यक्ष देवी रत्नमणि द्विवेदी ने बताया कि पौराणिक कथाओं में भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक माना जाता है। यह कथा सिर्फ धर्म के नजरिए से ही नहीं, बल्कि अच्छे वैवाहिक जीवन के आदर्श के रूप में भी देखी जाती है।

हिंदू धर्म में शिव और पार्वती के रिश्ते को प्रेम, त्याग, समर्पण और आध्यात्मिक एकता का सबसे अच्छा उदाहरण माना जाता है। शादीशुदा महिलाएं माता गौरी और शिव-पार्वती की पूजा करके अपने पति की लंबी उम्र और खुशहाल शादीशुदा जीवन की प्रार्थना करती हैं।वहीं कुंवारी लड़कियां शिव को आदर्श पति मानती हैं और उन्हें पाने के लिए सोमवार का व्रत, श्रावण महीना, शिवरात्रि और महाशिवरात्रि जैसे खास दिनों पर व्रत करती हैं। आज भी शिव-पार्वती की कथा को आदर्श दांपत्य जीवन के रूप में देखा जाता है, जहाँ प्रेम में स्वतंत्रता, सम्मान, धैर्य और समर्पण की भावना होती है। यह कथा हमें सिखाती है कि प्रेम और आस्था जब एक साथ चलते हैं, तब ईश्वर भी अपने निर्णय बदल देते है। कथा श्रवण करने प्रतिदिन खरगोन एवं आसपास ग्रामों से श्रद्धालुओं की भारी उपस्थित हो रही है।

## मंडी में व्यापारियों द्वारा मनमाने दामों पर बासमती धान की खरीद

### किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन, कहा - किसानों को मिले उचित भाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



कृषि उपज मंडी में प्रतिदिन हजारों कुंटल बासमती धान की आवक हो रही है। अन्य मंडियों की अपेक्षा बरेली मंडी में धान के उचित भाव ना मिलने से किसानों में भारी असंतोष बन रहा है। किसान संघ द्वारा धान की खरीदी बिक्री भाव इत्यादि की समस्याओं को लेकर मंडी प्रशासक एसडीएम एवं मंडी सचिव को ज्ञापन सौंप कर व्यवस्थाओं को ठीक किए जाने की मांग की है।

बाड़ी-बरेली तहसीलों में मंडी क्षेत्र फैला हुआ है क्षेत्र के हजारों किसानों द्वारा खरीफ सीजन में सिर्फ धान की खेती की जाती है। इसी कारण मंडी में प्रतिदिन हजारों क्विंटल बासमती धान की आवक हो रही है। सोमवार को धान के भाव में तीन चार सौ रुपए की कमी हो गई जिससे किसानों में असंतोष है।

### प्रोजेक्ट के नाम पर महंगी दवाइयां

बासमती धान की खरीद बड़े व्यापारियों चावल बनाने वाली कंपनियों उनके परचेचर कमीशन एजेंट द्वारा की जाती है किसान संघ द्वारा सौंपे ज्ञापन में प्रोजेक्ट बाली धान उत्पादन के नाम पर किसानों को महंगे मनमाने दामों पर दवाइयां बेचने और खरीद के समयप्रोजेक्ट की धान ना खरीदने कम भाव पर खरीदने का आरोप लगाया है इसी के साथ मंडी से बाहर ग्रामीण क्षेत्र में व्यापारियों कंपनियों द्वारा अपनी शर्तों भाव पर धान की खरीद की जाती है ऐसी खरीद के सौदा पत्रक किसानों को नहीं दिए जाते मांग की है कि सौदा पत्रक किसानों को दिए जाएं। ज्ञापन सौंपते समय किसान संघ के अध्यक्ष केसर सिंह पटेल, प्रतिपाल सिंह ,रेवा शंकर शर्मा, निर्मल चौधरी सहित अन्य किसानों की उपस्थिति रही।

### नगर में हुआ कांग्रेस का जिला सम्मेलन, ब्लॉक अध्यक्षों का हुआ स्वागत

**बरेली।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में नर्मदा गार्डन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जिला सम्मेलन हुआ कार्यक्रम में नए बने ब्लॉक अध्यक्षों का स्वागत सम्मान किया। कांग्रेस के जिला सम्मेलन में मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव, किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान, जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल, उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह पटेल गडरवास सहित जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं और विभिन्न स्थानों से आए कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

जिला सम्मेलन में प्रदेश स्तरीय प्रमुख कांग्रेसी नेताओं ने कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं से सक्रियता पूर्वक कार्य करने और कांग्रेस की विचारधारा गांव गांव तक पहुंचाने का आग्रह किया। कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीड है बिना जमीनी संघर्ष संगठन खड़ा नहीं हो सकता। किसानों, मजदूरों, गरीबों के लिए संघर्ष और भाजपा सरकारों के जन विरोधी नीतियों का विरोध करना जरूरी है।

**वर्ष के आखिरी दिन 31 जनवरी को...**

## प्राचीन तिल गणेश मंदिर पर होगा संगीतमय अखंड रामायण पाठ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



विंध्याचल पर्वत की ऊंची चोटी पर सदियों पूर्व जामवंत जी ने तिल गणेश की स्थापना की गई थी। उक्त ऐतिहासिक सिद्ध एवं प्रसिद्ध स्थान ग्राम पंचायत उदयगिरि के अंतर्गत आता है। 31 दिसंबर वर्ष के आखिरी दिन लगभग 500 फीट ऊंची पहाड़ी पर श्री गणेश के भक्तों द्वारा संगीतमय अखंड रामायण पाठ के साथ कन्या ब्राह्मण भोज भंडारे का विशाल आयोजन किया जा रहा है।

### चमत्कारी 6 भुजाओं वाली श्री गणेश प्रतिमा -

विंध्याचल पर्वत की ऊंची पहाड़ी पर 6 भुजाओं वाले श्री गणेश की प्रतिमा विराजमान है। ऐसी मान्यता है कि श्री गणेश जी की प्रतिमा प्रति वर्ष तिल के बराबर बढ़ती है। इसी कारण तिल गणेश के नाम से ख्याति प्राप्त है, प्रतिमा की स्थापना जामवंत जी द्वारा किए जाने की मान्यता है। प्रति चतुर्थी और बुधवार को भारी संख्या में श्री गणेश के भक्तों का पूजन पाठ करने आना-जाना लगा रहता है। मकर संक्रांति के बाद तिल चतुर्थी पर तिल गणेश मंदिर की ऊंची पहाड़ी और मैदान में मेला लगने की प्राचीन परंपरा बनी हुई है।

धार्मिक श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अब नीचे जमीन से ऊंची पहाड़ी गणेश मंदिर तक सीडीओ का निर्माण हो जाने से आवागमन की सुविधा हो गई है।

## नगर पंचायत अध्यक्ष चौधरी ने किया मार्ग का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

किनकी रोड से साहू धर्मशाला मार्ग पर राधेश्याम धाकड़ के मकान तक बनने वाली सीसी सडक का नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी द्वारा भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत की गई। नगर के वार्ड नंबर 5 में लगभग 12 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सीसी रोड के भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, पार्षद ठाकुर सिंह पटेल, पूरन सिंह धाकड़, पीयूष मालवीय, राजेश साहू ,भरत शर्मा, सीएमओ हरिशंकर वर्मा सहित वार्ड पांच किनकी रोड के निवासियों की उपस्थिति रही।

**शहीदों को श्रद्धांजलि व स्कूलों में होंगे कार्यक्रम**

# निराला समिति की हुई बैठक, 6 जनवरी को ‘नगर गौरव दिवस’ मनाने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

6 जनवरी 1949 को भोपाल राज्य विलीनीकरण आंदोलन संघर्ष के दौरान बरेली में हुए नवाबी पुलिस के लाठी चार्ज में दो युवक शहीद हुए थे। इसी के साथ सैकड़ो घायल और दर्जनों निहत्थे लोगों को जेल में ठूस दिया गया था निराला साहित्य जनकल्याण समिति पिछले 5 वर्षों से 6 जनवरी को नगर गौरव दिवस के रूप में मना रही है नगर गौरव दिवस पर शहीदों के परिजनों का सम्मान श्रद्धांजलि सभा सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन करती आ रही है।

### स्कूलों में होंगे कार्यक्रम

निराला समिति के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ के निवास पर निराला



समिति की बैठक अध्यक्ष साहब सिंह धाकड़ की अध्यक्षता में हुई जिसमें नगर गौरव दिवस एवं विलीनीकरण आंदोलन के दौरान हुए संघर्ष की चर्चा की गई।उपस्थित समिति के सदस्यों ने निर्णय लिया कि 6 जनवरी नगर गौरव दिवस पर जहां स्वर्गीय राम प्रसाद अहिरवार एवं स्वर्गीय जुगराज सोनी शहीद हुए थे वहां श्रद्धांजलि सभा होगी इसके बाद शहीद स्तंभ पहुंचकर देश और विलीनीकरण आंदोलन के वीर शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी जाएगी।

नगर गौरव दिवस पर नगर पंचायत द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर दो शहीदों के परिजनों का सम्मान किये जाने के साथ श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा।नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने बताया कि 6 जनवरी को नगर के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में नगर गौरव दिवस मनाने और कार्यक्रम आयोजित करने शिक्षण संस्था प्रमुखों को पत्र लिखा जा रहा है। निराला समिति द्वारा भी स्कूलों में विलीनीकरण आंदोलन के इतिहास संघर्ष बलिदान की जानकारी देने का निर्णय लिया गया।

बैठक में सुरेश बिदुआ संरक्षक, साहब सिंह धाकड़ अध्यक्ष के साथ सचिन अवध नारायण सक्सेना, कवि प्रेम नारायण साहू, भगवान दास राठी, नरेश जैन, महेंद्र भावसार की उपस्थिति रही।

पंचम पुण्य स्मरण



स्व. श्री ज्ञानचंद भंडारी एडवोकेट
स्व. दिनांक 30/12/2020

वरिष्ठ स्वयं सेवक एवं जिला अभिभाषक संघ की शान रहें व्यक्तित्व के धनी हमारे पिता को पाकर हम भाग्यशाली रहें है। जो हमें आप जैसे पिता को पाने का सुख मिला। आज आप हमारे बीच नही है मगर आपकी यादें हमारे दिलों में जिंदा रहेंगी- ॐ शांति

आज दिनांक 30.12.2025 पांचवीं पुण्यतिथि पर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि...

श्रद्धानवत :- श्रीमती प्रेमबाई भण्डारी (पत्नी)
सुभाष भंडारी एडवोकेट (पुत्र), श्रीमती मिलन जैन (पुत्रवधु)
श्रीमती किरण-अरुण मण्डोत, श्रीमती कविता-नरेन्द्र भंडारी (पुत्री-दामाद)
सोनल, अंशुल, रचित, हरसिद्धि, वैभव एवं समस्त भंडारी परिवार, विदिशा

## बीच तिराहे पर ट्रैक्टर-ट्रालियों को खड़े कर जमकर की नारेबाजी, समझाइश पर माने

# धान के रेट लुढ़कने से उपज बेचने आए आक्रोशित किसानों ने मुख्य तिराहे पर लगाया चक्काजाम

### करीब 3 घंटे तक किसानों द्वारा लगाए जाम में फंसे रहे वाहन, यात्री हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर में इन दिनों धान की अच्छी आवक हो रही है। शनिवार-रविवार की छुट्टी के बाद सोमवार को शहर के दशहरा मैदान में बनाई गई अस्थाई मंडी में बड़ी संख्या में किसान धान उपज लेकर पहुंचे।तुलाई के लिए भोपाल रोड़ पर कृषि उपज मंडी के सामने ट्रैक्टरों की लाइन लगी रही।

सोमवार को कृषि उपज मंडी में अपनी धान उपज बेचनें आए किसानों को उपज का दाम मिलने से वह नाराज हो गए। एकत्रित हुए आक्रोशित किसानों ने ट्रैक्टर ट्रॉलियों को लेकर सागर-भोपाल तिराहे पर खड़ा कर चक्काजाम लगा दिया। नाराज किसानों ने जमकर नारेबाजी की। किसान अपनी धान की उपज के दाम 4500 रुपए क्विंटल दिए जाने की मांग पर अड़े हुए थे।

किसानों को समझाइश देने अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय, एसडीएम मनीष शर्मा, एसपी कमलेश खरपुसे, तहसीलदार भरत सिंह मांडले, मंडी सचिव वीरेंद्र सिंह ठाकुर मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों को समझाइश दी मॉडल रेट पर ही धान उपज की नीलामी की जाएगी। जिसके बाद किसानों ने जाम समाप्त किया और धान की उपज से भरी ट्रैक्टर ट्रालियां वापस लेकर नीलामी के लिए पहुंचे। करीब 3 घंटे तक चले इस चक्काजाम में सड़कों पर वाहनों की लंबी लंबी लाइनें लग गई। जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

**समझाइश देकर जाम समाप्त कराया**

किसानों को धान उपज के सही दाम नहीं मिलने पर उन्होंने सड़क पर आकर चक्काजाम कर दिया था। मौके पर पहुंचकर उनकी समस्या सुना और बातचीत की। करीब 3.15 बजे जाम को समाप्त करवाया। इसके बाद दशहरे मैदान में उपज की पुन: नीलामी शुरू कराई गई।

**- मनीष शर्मा,** एसडीएम रायसेन।



### चक्काजाम के दौरान ट्राली से किसान, घायल

चक्काजाम के दौरान एक किसान ट्राली के नीचे गिर पड़ा, जिससे उसके पैर में चोटे आई। जिला प्रशासन ने घायल किसान को तुरंत इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान एक किसान ट्रॉली पर खड़ा होकर नारेबाजी कर रहा था, तभी नजर चूकने पर ट्राली पर से नीचे जा गिरा, जिससे वह घायल हो गया था।




### किसानों ने बताई समस्या
### कहा - दाम कम मिलने से लागत तक नहीं निकल रही

उपज बेचने आए किसानों ने बताया कि इस साल धान के रेट बहुत ही कम मिल रहे हैं, जिससे लागत तक नहीं निकल पा रही है। किसान अपनी धान बेचने कई किलोमीटर का सफर तय कर बड़ी उम्मीद से आते हैं, दशहरा मैदान में ऐसी कड़ाके की ठंड में रात बिताते है, लेकिन नीलामी में उपज के दाम कम मिलने से निराशा ही हाथ लगती है।

### किसान बोले यूरिया खाद के लिए मोहताज

किसान मलखान सिंह प्रजापति, राजेश सिंह ठाकुर, गोपाल सिंह, परसराम आदि ने बताया कि जिले में सोसाइटी में यूरिया खाद नहीं मिल रही है। मजबूरी में जिला मुख्यालय की संजय नगर स्थित खाद गोदाम में आना पड़ता है। यहां लंबी लंबी लाइनों में लगने के बाद भी उन्हें बमुश्किल दो से तीन बोरी मिल पा रही है। किसानों का आरोप है कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान बोल रहे है कि भरपूर मात्रा में किसानों को खाद दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ यादव भी ऐसा ही बयान दे रहे हैं, लेकिन हकीकत में किसानों को यूरिया खाद के लाले पड़ रहे हैं।

## मोबाइल लोकेशन से पुलिस पहुंची चोरों तक

# शराब दुकान से चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**सोमवार को सभी आरोपी न्यायालय में पेश, मांगा रिमांड**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

थाना पुलिस ने मुक्तापुर शराब दुकान से हुई चोरी की वारदात का खुलासा करने में बड़ी सफलता मिली है। साथ ही चोरी का माल भी बरामद किया। सोमवार को तीनों आरोपियों को रायसेन न्यायालय में पेश कर रिमांड मांगा है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार देर रात मुक्तापुर शराब दुकान पर 15 बोतल विदेशी शराब, एक मोबाइल सहित नगदी की चोरी हो गई थी। सेल्समेन सत्यनारायण शिवहरे पिता बाबूराम ने थाने में अज्ञात चोरों के मामला दर्ज कराया गया था।

थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने चोरों का पता लगाने लगभग 120 सीसीटीवी कैमरे खंगाले। सायबर सेल की सहायता से पुलिस ने मोबाइल की लोकेशन के आधार पर 12 घंटे के अंदर ही तीनों आरोपियों को भोपाल से गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों में आसिफ उर्फ आरिफ उर्फ गोल्डी पिता अशफाक शाह उम्र 38 वर्ष, अरुण उर्फ अमन उर्फ अभिषेक मालवीय पिता मचल सिंह उम्र 20 वर्ष और अयान कुरैशी पिता शकील उम्र 20 वर्ष सभी निवासी नारियलखेड़ा भोपाल के हैं। सोमवार के दिन तीनों आरोपियों को रायसेन न्यायालय में पेश कर रिमांड मांगा गया है। चोरों के घर से चोरी का माल भी बरामद कर लिया है।

### तीनों दोस्त बाइक से आए थे मुक्तापुर

रविवार की रात्रि तीनों आरोपी भोपाल से अपनी मोटरसाइकिल से निकले थे। तीनों ने पहले कर्क रेखा के पास चोरी का प्रयास किया था। वहां सफल नही होने पर मुक्तापुर शराब दुकान पर पहुंचे तो देखा कि सेल्समैन अकेला अंदर सो रहा है। तीनों ने पीछे के रास्ते से टीन काटकर कुंडी खोली और मोबाइल, 11600 रुपये की 15 बोतल विदेशी शराब और 7500 रुपये नगदी चुरा ली। चोरी करने के बाद तीनों चोर त्रिमूर्ति चौराहा, रायसेन, सेहतगंज होते हुए भोपाल भाग निकले।

## खबर संक्षेप

### गन्ने से भरी ट्राली पलटी नहीं हुई कोई जनहानि



**सिलवानी।** तहसील के ग्राम सहजपुर से रविवार की रात्रि गन्ना भर कर नरसिंहपुर जिले के ग्राम टूमड़ा जा रही ट्राली ग्राम से कुछ किलोमीटर दूर जाकर सामने से आ रहे डंपर को साइड देने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हालांकि इस हादसे में कोई हताहत नही हुआ। इससे दो दिन पूर्व भी गन्ने से भरी ट्राली बम्होरी मार्ग पर पलट गई थी। बताया जा रहा है कि ट्राली ओवरलोड गन्ना भरा हुआ था।

### श्रीराम कथा हुई प्रारंभ निकली कलश यात्रा



**गैरतगंज।** नगर के ब्लॉक ग्राउंड में सोमवार से संगीतमय श्रीरामकथा प्रारंभ हो गई है। श्रीरामकथा का आयोजन श्री सनातन सेवा समिति द्वारा किया जा रहा है। कथा से पूर्व नगर के श्रीराम जानकी मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई, जो कि मुख्य मार्गो से होती हुई कथा स्थल पर पहुंचकर समापन हुआ। पीतांबरा पीठ दतिया से पधारी कथा वाचक सुश्री राधिका चतुर्वेदी के श्रीमुख से कथा का वाचन किया जाएगा।

### क्रिकेट प्रतियोगिता में उदय 11 रही विजेता

**बाड़ी।** बाड़ी कलां के ऐतिहासिक ग्राउंड में क्रिकेट प्रतियोगिता का तीन दिवसीय आयोजन किया गया, जिसमें 8 टीमों ने आयोजन में भाग लिया। क्रिकेट खिलाड़ियों ने अपने खेल का बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया तीन दिवसीय क्रिकेट महाकुंभ में भारी संख्या में खेल प्रेमियों ने क्रिकेट का आनंद उठाया हर एक क्रिकेट टीम ने बहुत ही शानदार गेंदबाजी और बल्लेबाजी का नजारा प्रस्तुत किया। बाड़ी की टीम उदय 11 के खिलाड़ियों ने मैदान में बल्लेबाजी और गेंदबाजी का जोरदार खेल दिखाए तीन दिवसीय महाकुंभ में यह टीम खेल प्रेमियों के लिए सबसे पसंदीदा टीम रही और सभी टीमों पर प्रारंभिक क्रिकेट महाकुंभ से ही अपना जलवा दिखाया गया। इस टीम का सेमीफाइनल में प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा जिसमें उन्होंने टीम पठान क्लब को पछाड़ कर फाइनल में जगह बनाई।

# जिला स्तरीय स्कूल लैदर बॉल क्रिकेट मैच में खिलाड़ियों ने किया जोरदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



जिला क्रिकेट संघ द्वारा शहर में जिला स्तरीय स्कूल लैदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन खेल स्टेडियम में पार्षद कैलाश ठाकुर, वरिष्ठ बीजेपी नेता रामकुमार साहू के मुख्य अतिथि में विधिवत शुरू हुआ।

यह प्रतियोगिता भोपाल डिवीज़न क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग से जिला क्रिकेट संघ द्वारा जिले के छोटी उम्र के क्रिकेट खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने और प्रतिभाओं को आगे लाने का प्रयास है। उल्लेखनीय हैं कि मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकारियों ने पिछले माह रायसेन जिले का दौरा किया था और रायसेन में क्रिकेट प्रतिभाओं को बड़े स्तर पर खेलने के लिए जिला क्रिकेट संघ की गतिविधियों के प्रयास की सराहना की थी।

इसी क्रम में में जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष मुदित शेजवार ने स्कूली क्रिकेटरों को तराशने के लिए पूर्व कैबिनेट मंत्री व भाजपा कद्दावर नेता डॉ गौरीशंकर शेजवार टैलेंट हंट प्रोग्राम के तहत इस प्रतियोगिता का आयोजन प्रारम्भ करवाया है। इस बारे में युवा नेता एवं जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष मुदित शेजवार ने कहा कि इस प्रतियोगिता की खास बात ये है कि इस में शामिल होने वाली टीमों में अंडर -13 के 4, अंडर-15 के 4 और अंडर -18 के 4 क्रिकेट खिलाड़ियों की एक साथ टीमबना कर प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। विजेता टीम को 21 हज़ार प्राइज और उपविजेता टीम को 11 हज़ार रुपए की इनामी राशि भी दी जाएगी।

# कलेक्टर ने हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की डोर टू डोर मॉनीटरिंग के दिए निर्देश

**टीएल बैठक: कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने की विभागीय गतिविधियों और सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



सोमवार को कलेक्ट्रेट में हुई टीएल बैठक में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने विभागीय गतिविधियों और योजनाओं की साप्ताहिक प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान सीएमएचओ डॉ एचएन मांडरे से गत बैठक में दिए निर्देशों के पालनार्थ की कार्यवाही की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि स्वास्थ्य सेवाओं और अभियानों का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। गर्भवती महिलाओं के पंजीयन और नियमित स्वास्थ्य जांच के साथ ही 7.5 हीमोग्लोबिन वाली गर्भवती महिलाओं की डोर टू डोर मॉनीटरिंग करें। साथ ही सिविल अस्पतालों के नियमित निरीक्षण के साथ बैठक लेकर समीक्षा भी करें। उन्होंने कहा एमएमआर, आईएमआर तथा एएनसी की गहन मॉनीटरिंग के साथ ही पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाएं।

### कलेक्टर ने कहा - सरकारी स्कूलों का नियमित भ्रमण करें जिला अधिकारी

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान जिला अधिकारियों से शासकीय विद्यालयों के निरीक्षण की जानकारी लेते हुए कहा कि विद्यालयों का निरीक्षण नियमित रूप से किया जाए। विद्यालयों के प्राचार्य तथा शिक्षकों से शैक्षणिक गुणवत्ता और परीक्षा परिणाम में वृद्धि हेतु संवाद करें और निरीक्षण के उपरांत शैक्षणिक गुणवत्ता, व्यवस्थाओं में आ रहे सुधार का भी अवलोकन करें।

## एकल अभियान का दो दिवसीय प्रशिक्षण अभ्यास वर्ग संपन्न

# बच्चों के सर्वांगीण विकास व समाज से जुड़ाव को मजबूत करने के दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



एकल अभियान मध्य भारत संभाग के अंतर्गत सिलवानी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में दो दिवसीय प्रशिक्षण अभ्यास वर्ग का सफल आयोजन किया गया।

इस प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य आचार्यों को शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं संगठनात्मक दृष्टि से सशक्त बनाना तथा एकल अभियान की पंचमुखी शिक्षा पद्धति को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करना रहा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अंचल अध्यक्ष आदित्य रामशरण, अंचल उपाध्यक्ष नीरज जोशी, संभाग गतिविधि प्रमुख वसंत चौहान, अंचल पलक की उपस्थिति रही। प्रशिक्षण सत्रों का मार्गदर्शन संभाग प्रशिक्षण प्रमुख नारायण सिंह ठाकुर ने किया। वहीं अंचल अभियान प्रमुख दर्शन सिंह धुर्वे, अंचल प्रशिक्षण प्रमुख बाबूलाल विश्वकर्मा, अंचल कार्यालय प्रमुख हल्के सिंह सहित संच राजाराम ठाकुर भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे।

दो दिवसीय अभ्यास वर्ग के दौरान मासिक बैठक का आयोजन किया, जिसमें पंचमुखी शिक्षा के माध्यम से प्राथमिक शिक्षा के अंतर्गत आने वाले सात विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

## मैं बैरी सुग्रीव पिआरा। अवगुन कवन नाथ मोहि मारा।।

# श्री रामलीला के मैदानी मंचन में श्रीराम सुग्रीव की मित्रता और बाली वध का हुआ मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर में चल रही श्री रामलीला में सोमवार को कलाकारों द्वारा श्रीराम सुग्रीव मित्रता और बाली वध की लीला प्रसंग का आकर्षक मंचन किया। जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे।

लीला में भगवान श्रीराम-लक्ष्मण ऋषि मूक पर्वत की ओर चल देते हैं। जहां हनुमान जी से भेंट होती है। जिसके बाद सुग्रीव से भगवान राम की मित्रता होती है। जिसके बाद श्रीराम बाधी का वध कर देते हैं।



# जन शिक्षा केंद्र स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सोमवार को शासकीय माध्यमिक शाला बेरखेड़ी टुंडा में जन शिक्षा केंद्र स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें जन शिक्षा केंद्र स्तर के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला मुड़ियाखेड़ा, बरखेड़ी टुंडा, खोह एवं माध्यमिक शाला संग्रामपुर के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। चयन समिति द्वारा विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, पर्यावरण गीत एवं लघु नाटक का चयन किया। जिसमें शासकीय माध्यमिक शाला से सामाजिक विज्ञान में वायुमंडल की परतें विज्ञान में मानव उत्सर्जन तंत्र गणित में भिन्नों के प्रकार पर्यावरण में प्रदूषण नियंत्रण इतिहास में हस्तकला के मॉडलों का चयन किया। प्रदर्शनी में जन शिक्षक महबूब खान, आशीष रावत, हिम्मत सिंह गंगवार, मुकेश विश्वकर्मा श्रीमती उषा रैकवार, शबाना अंजुम, नजमा सुल्तान उपस्थित रहे।

## घायल युवक को समय पर सिविल अस्पताल पहुंचाकर बचाई जान

# वर्दी के पीछे इंसानियत, पुलिस का सराहनीय कार्य

### राउंड के दौरान जमुनिया घाटी के पास घायल अवस्था में मिला था युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर आम नागरिकों में अक्सर नकारात्मक धारणाएं देखने को मिलती हैं, लेकिन सिलवानी पुलिस ने अपनी संवेदनशीलता और तत्परता से इन धारणाओं को तोड़ते हुए मानवता का सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। सड़क किनारे गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़े एक बाइक सवार युवक को पुलिस ने समय रहते सिविल अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

जानकारी के अनुसार सिलवानी थाना प्रभारी पूनम सविता अपने स्टाफ के साथ थाना क्षेत्र में नियमित राउंड पर थीं। इसी दौरान जमुनिया घाटी के पास सड़क से कुछ दूरी अंदर एक युवक घायल अवस्था में दिखाई दिया। पुलिस ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए बिना किसी देरी के तत्काल कार्रवाई की। थाना प्रभारी पूनम सविता ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए घायल युवक को आरक्षक अमित भार्गव के साथ बाइक पर बैठाकर तुरंत सिविल अस्पताल सिलवानी पहुंचाया।



### पुलिस ने दिखाई तत्परता से बच गई घायल युवक की जान



युवक को अस्पताल पहुंचाने वाले आरक्षक अमित भार्गव ने बताया कि यदि कुछ देर और हो जाती तो युवक की हालत और अधिक बिगड़ सकती थी। पुलिस द्वारा दिखाई गई इस तत्परता से न केवल युवक को समय पर उपचार मिला, बल्कि आम नागरिकों के बीच पुलिस के प्रति विश्वास भी मजबूत हुआ है।

पुलिस की तत्परता के चलते घायल युवक को समय पर चिकित्सा सहायता मिल सकी, अस्पताल में प्राथमिक उपचार के दौरान युवक के पास मिली एक पर्ची के आधार पर उसकी पहचान दीपक राठौर के रूप में की गई।

घायल युवक ने बताया कि वह गाडरवाड़ा से भोपाल की ओर बाइक से जा रहा था। इसी दौरान जमुनिया घाटी के मोड़ पर एक अज्ञात वाहन द्वारा अचानक कट मार दिए जाने से उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क किनारे पत्थरों पर जा गिरा, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं।

### लोगों ने कहा- पुलिस ने ड्यूटी के साथ दिखाई मानवता

स्थानीय नागरिकों एवं प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस के इस कार्य की सराहना की है। लोगों का कहना है कि सिलवानी पुलिस ने यह साबित कर दिया है कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर मानवता और सेवा भाव के साथ आमजन की मदद के लिए भी हमेशा तत्पर रहती है। सिलवानी पुलिस की यह पहल निश्चित रूप से समाज में सकारात्मक संदेश देने वाली है और अन्य लोगों को भी आपात स्थिति में घायलों की मदद के लिए प्रेरित करती है।